प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-
(पत्रांक-112/2025 दिनांक 22.04.2025)
दिनांक-22.04.2025 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-

25,000/- रुपये का इनामी पशु तस्कर उस्मान सहित दो अन्तर्राज्यीय पशु तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, एक अन्य सहित तीन पशुतस्कर गिरफ्तार, एक ट्रक कन्टेनर वाहन से तस्करी कर वध हेतु ले जायी जा रही 28 राशि गोवंश, 03 अदद अवैध तमन्चा मय कारतूस आदि बरामद-

जनपद कुशीनगर में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.04.2025 को थाना तरयासुजान क्षेत्रान्तर्गत एक पशु तस्कर के होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना तरयासुजान, थाना तमकुहीराज, थाना तुर्कपट्टी व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना तरयासुजान क्षेत्रान्तर्गत बहादुरपुर चौकी के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक ट्रक कन्टेनर वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गये जिनकी पहचान 25,000/- रुपये का ईनामी पशुतस्कर 1-उस्मान पुत्र मो0 यासीन निवासी वार्ड नंबर 07 अगलगा थाना स्वार जनपद रामपुर व 2- जब्बार पुत्र शरीफ निवासी भवन थाना समसाबाद जनपद आगरा के रुप में हुई जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। उनके एक अन्य साथी 3- इमरान कुरैशी पुत्र इस्लाम कुरैशी निवासी तिमरसा थाना कोतवाली जनपद शामली को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। मौके/ कब्जे से 03 अदद अवैध तमन्चा .315 बोर मय 06 जिन्दा कारतूस, 05 अदद खोखा कारतूस, तीन अदद मोबाइल फोन, 28 राशि गोवंश तथा एक अदद ट्रंक कन्टेनर नं0 UP21BN4807 बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है।

Edit with WPS Office

बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।
उल्लेखनीय है कि अभियुक्त उस्मान थाना तमकुहीराज के मु0अ0सं0 41/2024 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु 25000/ रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण-
1- उस्मान पुत्र मो0 यासीन निवासी वार्ड नंबर 07 अगलगा थाना स्वार जनपद रामपुर (घायल, 25,000/- रुपये का ईनामिया)
2- जब्बार पुत्र शरीफ निवासी भवन थाना समसाबाद जनपद आगरा (घायल)
3- इमरान कुरैशी पुत्र इस्लाम कुरैशी निवासी तिमरसा थाना कोतवाली जनपद शामली (गिरफ्तार)

अभियुक्त उस्मान का आपराधिक इतिहासः-
1-मु0अ0सं0 651/2018 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना स्वार जनपद रामपुर
2-मु0अ0सं0 483/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना स्वार जनपद रामपुर
3-मु0अ0सं0 280/2022 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम थाना स्वार जनपद रामपुर
4- मु0अ0सं0 124/2021 धारा 120 B, 459 IPC थाना स्वार जनपद रामपुर
5- मु0अ0सं0 89/2022धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना स्वार जनपद रामपुर
6- मु0अ0सं0 651/2028 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना स्वार जनपद रामपुर
7- मु0अ0सं0 140/23 धारा 3/5A/8/5B गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर
8- मु0अ0सं0 41/2024 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर (वांछित इनमिया)
9- मु0अ0सं0 6/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना स्वार जनपद रामपुर

बरामदगी का विवरणः-

Edit with WPS Office

1- 28 राशि गोवंशीय पशु (बैल)
2-एक अदद ट्रंक कन्टेनर वाहन नं0 UP21BN4807
3- 03 अदद अवैध तमंचा .315 बोर
4- 05 अदद खोखा कारतूस.315 बोर
5- 06 अदद जिन्दा कारतूस
6 - 03 अदद घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-
1-प्र0नि0 धनवीर सिंह थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर मय टीम
2-प्र0नि0 सुशील कुमार शुक्ला थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर मय टीम
3-प्र0नि0 राजप्रकाश सिंह थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर मय टीम
4-नि0 आशुतोष सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद कुशीनगर मय टीम
5-नि0 अमित शर्मा स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
6-उ0नि0 आलोक यादव स्वाट जनपद कुशीनगर
7-उ0नि0 ब्रह्म कुमार उपाध्याय चौकी प्रभारी मधुरिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर
8-उ0नि0 अनुराग शर्मा चौकी प्रभारी बहादुरपुर थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर
9-उ0नि0 प्रभात यादव थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर

नोट- पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को 25,000/- रुपये के ईनाम से पुरस्कृत किया गया।

थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण, चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

जनपद कुशीनगर में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.04.2025 को थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 127/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 141/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त अजय चौहान पुत्र बिन्दू चौहान निवासी शाहपुर खलवापट्टी थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 1- स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल वाहन नं0 UP 57 BW 0574, 2- एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल वाहन नं0 UP 57 AQ 4062 व एक मोबाइल फोन सैमसंग गैलेक्सी बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

Edit with WPS Office

पंजीकृत/अनावरित अभियोग-
1- मु0अ0सं0 127/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर
2- मु0अ0सं0 141/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्त-
अजय चौहान पुत्र बिन्दू चौहान निवासी शाहपुर खलवापट्टी थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-
मु0अ0सं0 348/2023 धारा 379/41/411/420/467/468/471 भा.द.वि. थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर

बरामदगी का विवरणः—
चोरी की दो मोटरसाइकिल 1- स्पेलेन्डर वाहन नं0 UP 57 BW 0574, 2 - एचएफ डीलक्स वाहन नं0 UP 57 AQ 4062
3- एक मोबाइल फोन सैमसंग गैलेक्सी

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम––
1. प्र0नि0 श्री रवि कुमार राय थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर
2. म0उ0नि0 प्रगति जायसवाल चौकी प्रभारी रेलवे थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर
3. उ0नि0 वरूण सांकृत चौकी प्रभारी सुबाष चौक थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर
4. का0 संदीप गौड़ थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर
5. का0 सरवन कुमार थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर

शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 33 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

कार्यवाही एक नजर में=
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-53 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-41, व्यक्ति-126
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(04)

Edit with WPS Office

4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-37)

सोशल मीडिया सेल
जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office